भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2253
(20 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

तेलंगाना में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III

2253. डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:
श्रीमती कविता मलोथू:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण-III (पीएमजीएसवाई -III) के तहत 2,400 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 356 ग्रामीण सड़कों को संस्वीकृति प्रदान की गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह भी सच है कि जुलाई , 2022 की स्थिति के अनुसार केवल 51 ग्रामीण सड़कों और 950 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का ही निर्माण हो सका है; और
(घ) उक्त कार्य में विलंब के क्या कारण हैं और उक्त सड़कों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (ख): तेलंगाना राज्य को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)- III के अंतर्गत 2,427.50 किमी का लक्ष्य आवंटित किया गया है , जिसमें से 14 दिसम्बर, 2022 की स्थिति के अनुसार राज्य के लिए 2,395.84 किमी लंबाई के 356 सड़क कार्य पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं। पीएमजीएसवाई- III के अंतर्गत राज्य के लिए स्वीकृत कार्यों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) से (घ) : कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का निविदा कार्य और निष्पादन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत राज्य के लिए सड़क कार्य नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार अलग-अलग समय पर तीन बैचों में स्वीकृत किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष	**मंजूरी की तिथि**	**स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा**	
		सड़क कार्यों की संख्या	**सड़क लंबाई किमी में**
2020-21	22.06.2020	152	1,119.94
	31.03.2021	194	1,217.05
2021-22	11.05.2021	10	58.85
कुल		**356**	**2,395.84**

कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार , पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को कार्य-आदेश जारी होने की तारीख से 12 कार्य माह के भीतर पूरा किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार राज्य में भारी वर्षा के कारण कुछ कार्यों में विलंब हुआ है , लेकिन अधिकांश परियोजनाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति कर रही हैं। कुल स्वीकृत परियोजनाओं में से 14 दिसंबर, 2022 तक 1,066 किलोमीटर लंबाई के 75 सड़क कार्य पूरे हो चुके हैं। पीएमजीएसवाई-।।। की कार्यान्वयन अवधि मार्च, 2025 तक है।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 20.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 2253 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएमजीएसवाई-III के तहत तेलंगाना राज्य के लिए स्वीकृत सड़क कार्यों का जिला-वार ब्यौरा

(सड़क लंबाई कि.मी. में)

क्र. सं.	जिले का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा	
		सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई
1	आदिलाबाद	7	60.545
2	करीमनगर	11	56.933
3	खम्मम	16	115.803
4	महबूबनगर	11	69.748
5	मेडक	9	64.266
6	नालगोंडा	20	134.721
7	निजामाबाद	15	104.393
8	रंगारेड्डी	19	118.317
9	वारंगल	15	100.220
10	कुमुरम भीम आसिफाबाद	6	41.090
11	मंचेरियल	11	81.154
12	निर्मल	8	65.290
13	जगतियाल	12	65.539
14	पेद्दापल्ली	9	48.181
15	राजन्ना सिरसिला	12	80.699
16	भद्राद्री कोठागुडेम	13	94.782
17	जोगुलम्बा गडवाल	7	37.176
18	नगरकुरनूल	11	70.486
19	वानापार्थी	11	49.940
20	संगारेड्डी	17	109.337
21	सिद्दीपेट	13	112.806
22	जनगांव	13	137.128
23	सूर्यापेट	17	97.085
24	यदाद्रि भुवनागरी	15	69.490
25	कामारेड्डी	11	83.208
26	मेडचल मलकजगिरी	3	19.000
27	विकाराबाद	13	93.085
28	जयशंकर भूपालपल्ली	3	26.067
29	महबूबाबाद	15	103.632
30	वारंगल शहरी	3	23.850
31	मुलुगु	2	13.550
32	नारायणपेट	8	48.322
		356	**2,395.843**

*****